मेरे घर के आगे माँ तेरा मंदिर बन जाये

मेरे घर के आगे माँ तेरा एक मंदिर बन जाये,
जब जब खिड़की खोलूं तो तेरा दर्शन हो जाये,
मेरे घर के आगे माँ तेरा एक मंदिर बन जाये.....

जब होगी आरती तेरी मुझे घंटी सुनाई देगी,
मुझे आते जाते माँ तेरी बस सूरत दिखाई देगी,
जब भजन करे कोई, मुझको भी सुन जाये,
मेरे घर के आगे माँ तेरा एक मंदिर बन जाये.....

नज़दीक रहेंगे दोनों तो आना जाना होगा,
मेरी मईया हम दोनों का बस एक ठिकाना होगा,
तुम सामने हो मेरे मेरा दम ही निकल जाए,
मेरे घर के आगे माँ तेरा एक मंदिर बन जाये.....

मै आते जाते मईया प्रणाम करूँगा,
जो मेरे लायक होगा वो तेरा काम करूँगा,
तेरी सेवा करने से मेरा जीवन खिल जाये,
मेरे घर के आगे माँ तेरा एक मंदिर बन जाये.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26916/title/mere-ghar-ke-aage-maa-tera-mandir-ban-jaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |